## खबर संक्षेप

### विकास मंत्री के जन्म दिवस पर फल वितरण एवं पौधरोपण

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** वरिष्ठ भाजपा नेता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय विकास आवास और संसदीय कार्य मंत्री व सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मैहर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी के द्वारा मैहर सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, अरुण चौरसिया, पवन दुबे, छोटू मैनी संजय जादवानी, केशव मौर्य अशोक चौबे ,अनिल बढ़ौलिया, अजीत प्रजापति, अनुज सेन भजन आदि उपस्थित रहे।

### संसदीय कार्यालय मैहर में बैठेंगे संजय

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** मैहर क्षेत्र की जनता की आम समस्याओं को सुनने एवं निराकरण करने के लिए विगत दिनों घंटा घर से मां शारदा देवी रोड में सतना सांसद गणेश सिंह के द्वारा संसदीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया था कि कार्यालय में क्षेत्र की जनसमस्याओं को निराकरण किया जा सके।

### श्रवण बाधित दिव्यांग सुरेन्द्र को दी सुनने की मशीन

**कटनी।** विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम सिहुड़ी में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में आयोजित हुई लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम अस्थिबाधित दिव्यांग सुरेन्द्र पिता द्वारका के लिए वरदान साबित हुआ। सुरेन्द्र ने लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर को अपनी कम सुनाई देने की समस्या से अवगत कराया और कहा कि उसको सुनने के लिए मशीन चाहिए। जिस पर कलेक्टर ने उपसंचालक सामाजिक न्याय नयन सिंह को श्रवण यंत्र प्रदान करवाने के निर्देश दिए। जिस पर मंगलवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से श्रवण बाधित दिव्यांग सुरेन्द्र पिता द्वारका को कलेक्ट्रेट में 2 नग सुनने वाली कान की मशीन प्रदान किया गया।

### विवाह योजना के आवेदन अब होगी ऑनलाइन

**कटनी।** मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के तहत अब हितग्राहियों को आवेदन करने के लिए कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने योजना की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाते हुए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा शुरू कर दी है। उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नयन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अब पब्लिक डोमेन से सीधे ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। योजना के तहत पात्र "कल्याणी बहनों" को विवाह के उपरांत दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्राप्त आवेदनों का पात्रतानुसार परीक्षण कर निराकरण 30 दिवस की समयसीमा में करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। श्री सिंह ने यह भी कहा कि आवेदन के लिए हितग्राही की जानकारी समग्र पोर्टल पर अपडेटेड होना आवश्यक है।

### बेटी की मौत पर परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**कटनी।** शहर के जैन परिवार की एक लड़की की फरवरी 2024 में शादी के बाद दिल्ली में संदिग्ध अवस्था में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि लड़की का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया है। लड़की के पति ने कटनी में उसके परिजनों को आत्महत्या किए जाने की सूचना दी जबकि परिजनों को इस पर भरोसा नहीं हो रहा है। संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि लड़की के साथ मारपीट के बाद उसकी हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग कटनी से दिल्ली रवाना हो गए हैं। यह घटना दिल्ली के बसंतकुंज थाना क्षेत्र के नोएडा में सोमवार की सुबह से दोपहर के बीच घटित हुई है। शाम 4 बजे पति डॉ. आयुष भदौरा पुलिस को लेकर घर पहुंचे, कमरे का दरवाजा तोड़ा तो उसकी पत्नी परणिका जैन का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला।

विप्र बंधुओं ने तलवार और फरसा लेकर जयकारे लगाए

# धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु







**हरिभूमि न्यूज सतना।** जिलेभर में बुधवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जयंती केअवसर पर जिले में कई स्थानों पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्तयारगंज स्थित व्यंकटेश वाटिका में विप्र समाज ने पूजन-पाठ के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कमलाकर चतुर्वेदी सहित समाज के प्रमुख लोगों ने विप्र समाज को संगठित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विप्र समाज के बच्चों का उपनयन संस्कार भी संपन्न हुआ। बदखर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हवन का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने कन्या भोज का आयोजन भी किया। बिरसिंहपुर में भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गैविनाथ धाम बिरसिंहपुर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विप्र बंधुओं ने तलवार और फरसा लेकर जयकारे लगाए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। चित्रकूट एसडीओपी रोहित राठौर के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। सतना शहर में भी विप्र समाज ने शोभायात्रा निकालकर भगवान परशुराम जयंती मनाई।

## पशुपतिनाथ मंदिर के पास घर में घुसे चोर, नकद और जेवर ले गए

### पत्नी को स्टेशन से लेने गए थे मकान मालिक, लौटे तो टूटा मिला ताला



**हरिभूमि न्यूज सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बगहा स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के पास मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात हरमल्ला इलाके में बदमाशों ने एक सोने मकान का ताला चटकाए और सोने चांदी के गहने तथा नकटी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना थाने में दर्ज कर दी गई है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जानकारी केमुताबिक मकान मालिक रजनीश शुक्ला सिंटेक्स कंपनी में मार्केटिंग का काम करते हैं। वे मंगलवार की रात भरहुतनगर में रिश्तेदार के यहां रुके थे। उन्हें रात 3 बजे रेलवे स्टेशन से अपनी पत्नी को लेना था। पत्नी को भरहुतनगर छोड़ने के बाद जब सुबह 4 बजे वे घर पहुंचे, तो दरवाजा टूटा मिला। अंदर अलमारी का ताला टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था। बताया जाता है कि रजनीश की पत्नी कुछ दिनों से भोपाल गईं थीं। घर में कोई नहीं था। पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। टीआई योगेंद्र सिंह की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार को आशंका है कि मझगवां भट्ठा के जुआरियों का इस वारदात में हाथ हो सकता है।

## ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, बाइक सवार एक की मौत

### एक अन्य युवक घायल, ट्रक का ड्राइवर फरार



**हरिभूमि न्यूज सतना।।** मंगलवार देर रात अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार कैलाश चौधरी 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। घटना उचेहरा-नागौद मार्ग खूंझा बंदरहा मोड़ की है। मृतक कैलाश कोठी इचौल के रहने वाले थे।जानकारी के अनुसार कैलाश चौधरी अपने साढू रामनाथ चौधरी की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने बिहटा गए थे। वहां से वो कुछ सामान लेने उचेहरा आ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मैहर की तरफ फरार हो गया। सूचना मिलते ही उचेहरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को उचेहरा अस्पताल में भर्ती कराया। टीआई सतीश मिश्रा के अनुसार पुलिस अज्ञात ट्रक की तलाश कर रही है।

## पैरामेडिकल स्टूडेंट शिवानी रेडियोग्राफर पद के लिए चयनित



### कर्मचारी चयन आयोग के वर्ग 5 में रेडियोग्राफर पद के लिए प्रदेश में चौथा स्थान

हरिभूमि न्यूज सतना

एकेएस यूनिवर्सिटी की पैरामेडिकल विभाग की स्टूडेंट शिवानी सोनी रेडियोग्राफर पद के लिए चयनित हुई हैं। एक्सरे टेक्नीशियन की छात्रा शिवानी सोनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कर्मचारी चयन आयोग के वर्ग 5 में रेडियोग्राफर पद के लिए पूरे मध्यप्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जारी सूचना के अनुसार शिवानी की नियुक्ति संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा की जाएगी। प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रोफेसर बी.ए.चौपडे, विश्वविद्यालय परिवार एवं पैरामेडिकल विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ.जी. पी. रिछारिया,विभागाध्यक्ष डॉ अनिल मिश्रा,प्राचार्य डॉ.डी. दत्ता,एसोसिएट डीन डॉ. कमलेश चौरे, फैकल्टीज डॉ.बी.के.पटेल,अमित द्विवेदी,बृजनंदन सिंह,ई.रहमान, डॉ.पूनम सिंघारिया, शैलेश साकेत और अख्तर अली ने शिवानी की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। शिवानी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने मां पिता के आशीर्वचनों और अपने गुरुजनों के निरंतर मार्गदर्शन को दिया है।

## प्रतीक ने कॉमर्स विषय में 98 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

**हरिभूमि न्यूज सतना।** इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में सतना के होनहार छात्र प्रतीक हिंगड़ ने कॉमर्स विषय में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे सतना जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य ने प्रतीक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है। प्रतीक का लक्ष्य भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना है और वह पहले से ही इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। इस उपलब्ध पर प्रतीक के माता पिता एवम परिवार के सभी सदस्यों ने उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## गोलीकांड के बाद टीआई को थाने से हटाया, आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर



### हेड कांस्टेबल को गोली मारने वाले आरोपी को ढूंढ रही है पुलिस की 12 टीमें

**हरिभूमि न्यूज सतना।** जैतवारा थाने में घुसकर हेड कांस्टेबल को गोली मारने की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह को थाने से हटकर लाइन अटैच कर दिया है। थाने का प्रभाव यहीं पर पदस्थ उप निरीक्षक को सोपा गया है। उधर घटना में शामिल आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस की 12 टीम में उसकी तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग को गोली मारने की घटना के बाद से आरोपी फरार है। एसपी आशुतोष गुप्ता ने थाना प्रभारी विजय सिंह को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। आरोपी आदर्श शर्मा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 12 टीमें लगी हैं। मंगलवार की शाम आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस टीमें मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भी तलाश कर रही हैं। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि एसपी खुद टीमों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आरोपी आदर्श शर्मा के खिलाफ जिले में पहले से चार मामले दर्ज हैं। कोलगवां थाने में दो और कोटर थाने में एक मारपीट का मामला है। जैतवारा थाने में पेट्रोल पंप पर उपद्रव का एक मामला दर्ज है। आरोपी गांव की बजाय शहर के संतोषी माता मंदिर इलाके में ज्यादा देखा जाता था। पुलिस की टीमे सतना में उसके ठिकानों का पता लगा रही हैं। बताते हैं कि आरोपी नशे का आदी है।

## धोखाधड़ी करआदिवासियों की जमीन अल्ट्राटेक कंपनी को बेच दी

### महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर की गई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज मैहर




मैहर जिले के राजस्व अधिकारियों की मिली भगत से भूमाफियों के द्वारा बड़े पैमाने पर धोखा धड़ी कर जमीन बेचने का काम काफी अर्से से चल रहा है जो रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि फरियादियों के द्वारा शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है मगर कोई कार्यवाही न करने से भूमाफियों के हौसले बुलंदी पर है। इसी तरह का एक मामला सामने आया है जिसमें 29 अप्रेल 2०25 को गरीब आदिवासी महिला शंकुतला पति शिव सिंह एवं कौशल्या पति समय लाल सिंह गोड़ निवासी पंचायत भदनपुर दक्षिण अमगार ने लिखित शिकायत देते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में बताया गया है कि बैजनाथ कोल पिता बाबूलाल कोल निवासी जूराखरौंधी मैहर के द्वारा धोखा धड़ी करके पैतिस लाख रुपए में हमारी जमीन जिसकी आराजी नं.627, रकवा ०.69० को अल्ट्राटेक कंपनी को बेच दिया गया है। महिलाओं का आरोप है कि आरोपी बैजनाथ कोल के द्वारा हम लोगों से बोला गया था कि मुझे आप लोग अपनी जमीन दे दो और मैं जमीन के बदले में आप लोगों को जमीन के साथ साथ पैसा भी दूंगा। लेकिन हम लोगों को सिर्फ 3 लाख रुपए ही दिए गए है लेकिन जमीन के बदले जमीन नहीं दी गई है। इस समस्या को लेकर हम लोगों के द्वारा 1० अक्टूबर 2०22 को आवेदन भी बैजनाथ कोल के खिलाफ कलेक्टर सतना को आवेदन दिया गया था। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं करने हम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया है कि इस संबंध को लेकर जब भी हम लोग उसके घर जाते है तो हम लोगों के साथ गाली गालौज कर जान से मारने की धमकी दी जाती है। अतः जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ जांच कर कार्यवाही कर हमकों जमीन के बदले जमीन दिलाई जाए।

## बड़ा अखाड़ा आश्रम में विप्र ब्राह्मण समाज ने की भगवान परशुराम की पूजा

हरिभूमि न्यूज मैहर।



अक्षय तृतीया भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव के पुनीत अवसर पर आज प्रातःकाल बड़ा अखाड़ा गुरू महराज श्री श्री 1०8 श्री सीता बल्लभ शरण गुरु महराज जी के सानिध्य में भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन तिलक वंदन कीर्तन आरती की गई । इस अवसर पर पूज्य गुरु महराज जी द्वारा परशुराम भगवान जी के आधार बिदु सनातन धर्म पर किए गए त्याग हितार्थ कार्य के बारे में अपने अमूल्य शब्दों के द्वारा उपस्थित महानुभाव को ज्ञान अर्जन प्रदान किया।आज भगवान परशुराम की शोभायात्रा 5 बजे से बड़ा अखाड़ा आश्रम से प्रारंभ होकर किला चौक पुरानी बस्ती,रंगलाल चौक, शारदा टॉकीज होते हुए चंडी देवी मंदिर में पहुंची जहां पर साधु संत समाज का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मैहर विधायक कांत चतुर्वेदी, सतीश मिश्रा,कैलाश गौतम,देवेन्द्र पांडेय,राज ललन मिश्रा, विष्णुधर ऊरमलिया,विवेक त्रिपाठी,शैलेश तिवारी,शांतनु तिवारी, रमापति गौतम,रामनरेश तिवारी, मनोज तिवारी,डॉक्टर रवि द्विवेदी,उत्तम पांडेय, नारायण पांडेय,रविनंदन मिश्रा, जितेंद्र शुक्ला,रवींद्र सिह मंजू सर,महेश तिवारी, देवेन्द्र सिह,संदीप पांडेय,अशोक पांडेय,कुलदीप तिवारी,शंखधर पयासी,पी के मिश्रा, शंखधर पयासी,राज राखन द्विवेदी,शिवम पांडेय,दीपक पांडेय,सचिन मिश्रा,पारस नाथ तिवारी ,अजय मिश्रा,रवि प्रकाश पांडेय,रेखा दुबे,मनीष पांडेय,भक्ति शर्मा,शोभा मिश्रा,सुषमा अरजरिया, अशोक तिवारी, कमलाकांत शास्त्री, वंश गोपाल परोहा, प्रमोद पीढ़यिां, जितेंद्र पांडेय,वीरेंद्र पांडेय,जीवन त्रिपाठी,अनिल मिश्रा,आदित्य नारायण शुक्ला के साथ ब्राह्मण कल्याण समाज,विप्र समाज,बड़ा अखाड़ा आश्रम के शिष्य पुजारी गण आदि लोग उपस्थित रहे।

## नाप तौल विभाग की निष्क्रियता से लुट रहा उपभोक्ता

### कम तौल पर यदि उपभोक्ता विरोध करता है तो व्यापारी हो जाते है मारपीट पर उतारू

***हरिभूमि न्यूज मैहर।*** मैहर जिला बनने के बाद भी नापतौल विभाग निष्क्रिय बना हुआ है जिसके चलते खुले आम उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। इस विभाग की जिम्मेदारी क्या है और उसे क्या करना चाहिए जिससे आम जनता लुटने से बच सके। इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है कि इस विभाग में अभी तक जो भी अधिकारी पदस्थ हैं वह सब कुर्सी में बैठकर कुंभकरण की नीद में है उन्हें फील्ड में निकलने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती है।

जनता को कम तौल के माध्यम से लूटा जा रहा है किन्तु ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि जिस विभाग को जनता को राहत देने के लिए बनाया गया है व्यापारियों का होकर रह गया है। बताया जा रहा है कि सब्जी मंडी से लेकर बाजार में कम तौलने का काम चलता है खेल । सब्जी मंडी का हाल यह है कि यहां बैठे व्यापारियों के तौल कांटे का कभी परीक्षण ही नहीं किया जाता उनके तौल कांटे कितने सही है इनकी कोई प्रमाणिकता नहीं मिल सकती है । आज यह हालत हो गई कि कोई भी ग्राहक पूछ नहीं सकता अन्यथा उसके साथ व्यापारी मारपीट करने पर उतारू हो जाते है। जब कि नापतौल विभाग के नियम व निर्देश कहते हैं कि कोई भी व्यापारी बिना प्रमाणित नापतौल के उपकरणों का प्रयोग नहीं कर सकता अन्यथा उसके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही हो सकती है किन्तु ऐसा नहीं हो रहा है। आज वर्तमान समय पर दो तरह के तौल कांटे का प्रयोग हो रहा है एक तो वह जो परंपरागत तरीके से किलोवाट के माध्यम से उपयोग किये जाते थे वहीं दूसरा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से तौल किया जाता है किन्तु इन दोनों तरह के तौल कांटों की जांच नापतौल विभाग से होना चाहिए । इसके साथ ही व्यपारी को सीलिंग करवाना चाहिये इस तरह नवीनीकरण भी होनी चाहिये किन्तु देखा जा रहा है कि नापतौल विभाग निष्क्रिय बना हुआ है। अभी विगत दिनों पर समिति की तौल में इलेक्ट्रानिक कांटे की सेंटिंग का मामला सामने आया है इसी तरह बाजार में एक किलो सामान लेकर दूसरे के यहां तौलने पर 50-100 ग्राम कम ही सामग्री निकलेगी।

## खबर संक्षेप

### पन्ना में जादू टोने के शक में दिन दहाड़े बुजुर्ग की धारदार छुरे से निर्मम हत्या

घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुआ आरोपी।
जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी।
घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप के हालात।





हरिभूमि न्यूजदेवेंद्रनगर

**पन्ना** जिले के रानीगंज पुरवा गांव में एक सनसनीखेज घटना सामने आई। जहां 65 वर्षीय एक वृद्ध की छुरे से हमला कर हत्या कर दी गई। परिजनों के अनुसार, हत्या का कारण जादू टोने के शक को बताया जा रहा है। मृतक की पहचान गांव के ही मिहीलाल वर्मा पिता परमलाल वर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ लोगों को मिही लाल पर जादू टोना करने का संदेह था, जिसके चलते उनका कई बार विवाद भी हुआ था। वही आज सुबह, जब मृतक अपने घर सब्जी लेकर जा रहा था पहले से घात लगाये बैठे हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से खून से लथपथ हो गया और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। वही घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप के हालात बने हुए है। वही घटना की सूचना मिलते ही देवेंद्रनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। परिजनों ने बताया कि आरोपियों को शक था कि मृतक के द्वारा उनके किसी परिजन पर जादू-टोना किया गया है जिसके चलते उसकी तबियत खराब रहती है और इसी शक के चलते बृद्ध की हत्या की गई है। हालांकि मामला पुलिस विवेचना उपरांत ही स्पष्ट हो पायेगा। वहीं पुलिस द्वारा सुखी लाल वर्मा पिता छूनू वर्मा को आरोपी बनाया है।

# मुख्यमंत्री ने बनौली के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में की वर्चुअल सहभागिता, नव दंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

**915 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, 13 निकाह भी हुए**

हरिभूमि न्यूजः पन्ना







अक्षय तृतीया पर्व पर बुधवार को पवई विकासखंड की ग्राम पंचायत बनौली स्थित मां कंकाली माता मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह सम्पन्न कराए गए। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत संपन्न हुए इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान 915 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसमें 13 निकाह भी शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होकर वर-वधुओं को शुभकामनाएं देते हुए सुखमय गृहस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बेटियों के वैवाहिक जीवन में प्रवेश को शुभ अवसर बताया। साथ ही विवाह प्रसंग की इस बेला को चिरस्थायी बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम से अनावश्यक खर्च से मुक्ति मिलने के साथ ही त्यौहार जैसे उल्लासमय वातावरण में विवाह सम्पन्न होना सौभाग्य की बात है। सनातन संस्कृति में विवाह संस्कार सबसे बड़ा आनंददायी अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा बेटियों एवं महिलाओं के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण का मध्यप्रदेश मॉडल देश में सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग धंधों के माध्यम से रोजगार के अवसरों में बढ़ोत्तरी सहित स्वसहायता समूह के जरिए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं किसानों के कल्याण के लिए भी कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद एवं विधानसभाओं में एक तिहाई महिला आरक्षण के लिए सरकार प्रयासरत है। इससे निश्चित ही लोकतंत्र की गरिमा भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने बेटियों से नए परिवार में प्रवेश पर माता-पिता के सम्मान तथा वर्तमान डिजिटल परिवेश की उपयुक्त सामग्री को ही ग्रहण करने की सलाह भी दी।

सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मां कंकाली के आशीर्वाद से यहां निरंतर वृहद स्तर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। उन्होंने भगवान परशुराम की जयंती पर परिणय सूत्र में बंधने वाले नव दंपत्तियों को सुखी, संपन्न और वैभवशाली जीवन की शुभकामनाएं दीं। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की की और अग्रसर है। सांसद ने कहा कि इस क्षेत्र में अब सिंचाई की पर्याप्त सुविधाएं मिलने से किसान तीन फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। क्षेत्र के किसान सम्पन्न हुए हैं। जल जीवन मिशन परियोजना के क्रियान्वयन से शत प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से शुद्ध जल मिलेगा। देश की पहली केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पवई क्षेत्र को भी पानी की पर्याप्त सुविधा मिल सकेगी। इससे क्षेत्र की जनता भविष्य में संपन्नता की साक्षी बनेगी। सांसद ने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सामाजिक समरसता के भाव से सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा विकास कार्यों की बदौलत भी निश्चित ही समृद्धि और खुशहाली आएगी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नव दंपतियों को प्रतीकात्मक रूप से 49 हजार रुपए राशि के चेक का वितरण किया गया। वन विभाग के सहयोग से नवयुगलों को पौधे भी वितरित किए गए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थितजनों को भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि एक स्थान पर सामूहिक रूप से गरीब परिवार की बेटियों का विवाह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में हर वर्ग के परिवारों की बेटियों के विवाह उल्लासमय एवं गरिमामय माहौल में सम्पन्न कराए जा रहे हैं। इसके अलावा निरंतर विकास कार्यों की बदौलत लोगों को विभिन्न विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ भी मिल रहा है। पूर्व मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभ तथा सड़क, पुल-पुलिया और तालाब सौन्दर्यीकरण इत्यादि कार्यों की जानकारी भी दी। साथ ही कहा कि आज हर क्षेत्र में विकास कार्य की बदौलत लोगों को आसानी से विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। सुदूर ग्रामों को सड़क से जोड़ा गया है। साथ ही खेत में पानी पहुंचाने और पेयजल की उपलब्धता सहित निरंतर विकास कार्य भी संचालित हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक के शारीरिक रूप से कम सक्षम होने के बावजूद भी निरंतर रूप से सक्रिय रहकर जनसेवा के कार्यों की सराहना की।

जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने कहा कि पवित्र स्थल मां कंकाली माता परिसर में पवित्र वैवाहिक बंधन में बंधने वाले नवयुगल सौभाग्यशाली हैं। स्थानीय विधायक के सार्थक प्रयासों से गरीब बेटियों का विवाह का निरंतर रूप से सफल आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया है। अब बेटी के जन्म पर उत्सव का आयोजन होता है। बेटियों के लिए संचालित लाभकारी योजनाओं से सामाजिक बदलाव भी आया है और बेटियों के जीवन स्तर में भी सुधार परिलक्षित हुआ है। बेटियों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कई सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां सर्वाधिक जोड़ो के वैवाहिक बंधन में बंधने से इस बार नया इतिहास भी बना है। कार्यक्रम में विधायक पवई प्रहलाद लोधी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहिनी मिश्रा, बृजेंद्र मिश्रा, सतानंद गौतम, रविराज यादव, अरुण चौरसिया, निधि पटरिया, लोकेंद्र प्रताप सिंह, गौरव पटेल सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार प्रीति पंथी, जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा की फटकार से जागा पीएचई विभाग

**24 घंटे में सलेहा नगर की नल-जल आपूर्ति बहाल, जनता ने ली राहत की सांस**

हरिभूमि न्यूजः पन्ना



क्षेत्र की जनता के अधिकारों की रक्षा और समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति संकल्पबद्ध गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के कठोर हस्तक्षेप से सलेहा नगर में ठप पड़ी नल-जल सप्लाई व्यवस्था महज 24 घंटे के भीतर सुचारू कर दी गई। भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे नागरिकों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए विधायक डॉ. वर्मा ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक डॉ. वर्मा ने सलेहा विश्रामगृह में रात्रि विश्राम करते हुए नगर एवं क्षेत्रीय जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। संवाद के दौरान नागरिकों ने नल-जल आपूर्ति में व्याप्त अव्यवस्थाओं और विभागीय लापरवाही की शिकायतें कीं। जनसमस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में जल संकट जैसी स्थिति को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। सतत निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

विधायक डॉ. वर्मा के दृढ़ संकल्प और जनप्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम यह रहा कि सलेहा नगर में जल आपूर्ति पुनः बहाल हो गई। जलधारा के पुनः प्रवाहित होने पर नागरिकों ने राहत की सांस ली और विधायक की सक्रियता की मुक्तकंठ से सराहना की।

डॉ. राजेश वर्मा की कार्यशैली, जिसमें अडिग सिद्धांतशीलता, तीव्र निर्णय क्षमता और जनसेवा के प्रति निष्ठा स्पष्ट झलकती है, ने न केवल नागरिकों में विश्वास का संचार किया, बल्कि समस्त प्रशासनिक तंत्र को भी सजग कर दिया। क्षेत्रीय जनता ने इस पहल को अत्यंत सराहते हुए सुझाव दिया कि इस प्रकार के जनसंवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, ताकि जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित हो सके।

डॉ. वर्मा ने अपने सक्रिय जनसंपर्क, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भ्रष्टाचार व लापरवाही के प्रति कठोर रुख से यह सिद्ध कर दिया है कि वे केवल वादों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर परिणाम देने वाले एक कर्मठ, सिद्धांतनिष्ठ और जनहितैषी जनप्रतिनिधि हैं।

## अक्षय तृतीया के पावन मौके पर अमानगंज में फिर उठी ब्लॉक मुख्यालय की मांग

**क्षेत्रीय सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दिया ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अमानगंज



पन्ना जिले के केंद्र बिंदु अमानगंज जो कि विकास के लिए लगातार वाट जोह रहा है, जिसे ब्लॉक मुख्यालय का दर्जा अब तक नहीं मिला जबकि अमानगंज क्षेत्र पन्ना जिले का सबसे बड़ा व्यापारिक एवं सीमेंट प्लांट स्थापित हो जाने से इंडस्ट्री क्षेत्र माना जाता है और लगातार अमानगंज क्षेत्र की 55 ग्राम पंचायत के लोगों द्वारा ब्लॉक मुख्यालय दिलाए जाने की मांग की है, जो अब तक पूर्ण नहीं हुई। जिसको लेकर आज अक्षय तृतीया के पावन मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी पत्रकार अमित द्विवेदी एवं मंडल मीडिया प्रभारी पत्रकार रविन्द्र शर्मा एवं साथी कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन क्षेत्रीय सांसद को सौपा है और ब्लॉक मुख्यालय अमानगंज में स्थापित कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमानगंज डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने अपना अनुमोदन किया है और क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी सहमति देते हुए शीघ्र ही ब्लॉक मुख्यालय स्थापित कराए जाने की बात कही है।

## सर्व ब्रह्म विकास परिषद् द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूजः अजयगढ़।



अजयगढ़ में गत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी श्री प्रमोद तिवारी ,श्री संजय सुल्लेरे जी के तत्वाधान में शोभायात्रा का शुभारंभ गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ प्रमोद तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया और जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। शोभयात्रा कृष्णा मैरिज गार्डन किशनपुर से बैंड बाजों व झांकियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली गई। जगह जगह में परशुराम के अनुयायियों के लिए नाश्ते जल पान की व्यवस्था की गई और विप्र समाज द्वारा इस अवसर पर अजयगढ रामलीला मैदान के सामुदायिक भवन में प्रात 9 बजे से सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया इसके बाद भगवान परशुराम का विधिवत मंत्रोच्चार के पूजन हवन किया गया तथा 12 बजे दोपहर को भगवान परशुराम का भव्य जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया तथा भगवान परशुराम की भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान परशुराम की शोभा यात्रा बीरा पिस्टा से होते हुये कृष्णागार्डेन किशनपुर से अजयगढ नगर का भ्रमण करते हुये रामलीला मैदान मे समापन हुआ शोभा यात्रा में डी जे रथ एंव ढोल नगाडो की धूनि एंव विप्र समाज के युवावर्ग तथा श्रृद्धालुजनो की अपार भीड थी शोभा यात्रा का नेतृत्व प्रमोद तिवारी किशनपुर द्वारा किया गया शोभा यात्रा में बीरा पिस्टा, शानगुरैया फरस्वाहा, उदयपुर सिहपुर हरदी प्यारी बहिरवार आदि ग्गप्रमो के युवा वर्ग शामिल रहे बाम्हण समाज के अध्यक्ष जनमेजय अरजरिया एव कोषाध्यक्ष अरूण तिवारी आयोजन समिति के सदस्यो द्वारा विप्र बन्दुओ का सम्मान भगवान परशुराम का चित्र देकर किया साथ ही महिलाओ को सम्मान किया गया विप्र बन्धुओ ने अपने उदबोधन मे बाम्हण समाज एकता पर प्रकाश डाला इसके बाद भोज्य कार्यक्रम हुआ।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, विशाल शोभा यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूजः पन्ना



भगवान विष्णु के छठवे अवतार भगवान श्री परशुरामजी का जन्मोत्सव पूरे जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया पन्ना नगर के प्रतिष्ठित श्री रामजानकी मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ, हवन पूजन किया गया, सुबह पूजा पाठ और व्रत के बाद दोपहर 12रू00 भगवान श्री परशुराम जी की मूर्ति स्थापना की गई और पूजन के साथ हवन किया गया इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सुबह से ही लोगों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था युवा वर्ग में ज्यादा उत्साह देखने को मिला इस समारोह में बड़ी संख्या में युवाओं ने पहली बार भागीदारी की

**निकल गई विशाल शोभा यात्रा**

शाम 5:00 बजे भगवान श्री राम जानकी मंदिर से परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में शोभायात्रा का आयोजन किया गया पहले रथ में सवार भगवान की महा आरती आयोजित की गई इसके बाद बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और श्रद्धालु विप्र उत्साह पूर्वक शोभायात्रा में शामिल हुए शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया, शोभायात्रा अजयगढ़ चौराहा कतरा बाजार गोविंद जी चौराहा कोतवाली चौराहा गांधी चौक पंचम सिंह चौराहा होटल पुरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई लोगों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तो को मिष्ठान, ठंडा,लस्सी पिलाकर स्वागत किया, शोभायात्रा में संगीत डीजे बैंड बाजे बजे के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई इस शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद पंडित विष्णु दत्त शर्मा विशेष रूप से शामिल हुए, उन्होंने भगवान परशुराम जी की आरती उतारी, इस विशाल शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज के लोग, वरिष्ठ ब्राह्मण एवं संगठनों के पदाधिकारी एवं राजनेता शामिल हुए पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर सुरेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता सदानंद गौतम, धीरज तिवारी, विनोद तिवारी रवींद्र शुक्ला,प्रमोद पाठक, मुरारी लाल थापक,कमलेश त्रिपाठी,दीपक तिवारी, मनीष मिश्रा,दिनेश गोस्वामी, अंकित शर्मा संतोष तिवारी, रवींद्र, रविंद्र द्विवेदी, रामकरण द्विवेदी, दिनेश दुबे,



अनुराग मिश्रा, वेदांत मिश्रा, वेदांत पाठक ऋषभ अरजरिया, अर्चित मिश्रा सिद्धार्थ शर्मा,दिनेश दुबे, अज्जू गर्ग, कल्लू शुक्ला गोपाल मिश्रा, मनीष शर्मा, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी,अर्जुन मोना शर्मा, सौरभ पटेरिया, रवि तिवारी राजीव तिवारी रमन दीक्षित शिवम शर्मा निहाल द्विवेदी शिव प्रकाश दीक्षित शशीकांत दिक्षित कमलेश त्रिपाठी देवी दीक्षित, भाजपा नेता शारदा पाठक,मीना पांडे,स्नेह लता पाराशर, प्रिया द्विवेदी, मनीष गोस्वामी, ममता तिवारी, शहर बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

## आजिविका मिशन द्वारा ग्राम पंचायत दिया में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत दिया में खोला गया जैविक संसाधन केंद्र



हरिभूमि न्यूजः पन्ना

आजीवका मिशन पन्ना द्वारा एकीकृत कृषि कलेस्टर जैविक संसाधन केंद्र ( ठत्ब) ग्राम पंचायत दिया के कोठी टोला, में खोला गया जिससे जैविक खेती को बढावा देने और खेती की लागत को कम करने के संबंध में महिलाओं को प्रशिक्षित कर आधुनिक खेती, पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एनआरएलएम पन्ना द्वारा, लगातार प्रयास किया जा रहा है जिसमें अजीबका मिशन के सहयोगी शीतल प्रसाद द्विवेदी मृत्युंजय त्रिपाठी रामरतन कोरी सीआरपी तुलसी विश्वास की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ सरपंच ग्राम पंचायत दिया राम शिरोमणि सिंह द्वारा केंद्र का उद्घाटन किया गया इस दौरान सरपंच श्री सिंह ने कहा की हमारा उद्देश्य है हमारे ग्राम पंचायत के निवासियों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिले जिससे ग्राम पंचायत के लोग सशक्त एवं संपन्न बने खुद के रोजगार स्थापित करें।

## पवई सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ सेवानिवृत्ति समारोह

हरिभूमि न्यूजः पवई।





संस्कारिक शिक्षा हेतु पवई नगर की प्रतिष्ठित संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ आचार्य रामसेवक सेन की सेवानिवृत्ति के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने संस्था को 38 वर्ष अपनी सेवाएं देने के पश्चात सेवानिवृत हुए। इस दौरान सम्मान एवं विदाई समारोह के इस कार्यक्रम में समस्त समिति जन एवं आचार्य परिवार ने रामसेवक जी के सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए अपने-अपने विचारों को प्रकट किया। तत्पश्चात सरस्वती शिक्षा परिषद के जिला सचिव प्रमोद नगायच, संस्था के व्यवस्थापक भवानी पटेल,उपाध्यक्ष प्रहलाद बेहरे आरएसएस खंड संघचालक एवं समिति सदस्य डॉ धनराज सिंह भदोरिया, सेवानिवृत्ति वरिष्ठ आचार्य संतोष पाण्डेय,प्राचार्य राजेंद्र तिवारी एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

## अमानगंज में बड़ी धूमधाम से श्री श्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव, हवन-पूजन और प्रसाद के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अमानगंज



नगर में भगवान परशुराम जयंती का पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विधिवत हवन-पूजन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया धार्मिक विधि-विधान के साथ भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें नगर एवं क्षेत्र के विप्र समाज की उपस्थिति रही इस अवसर पर भव्य झांकी भी बनाई गई जिसने पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय कर दिया आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी सजावट, ध्वज-पताकाओं और पुष्पों से सजाया गया था पूजन के पश्चात विशाल प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया आयोजन समिति द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया समापन अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने और समाज में सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया जिसमें अध्यक्ष लखन लाल तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जयप्रकाश चतुर्वेदी, भाजपा मडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, संतोष शर्मा, राम सुदर्शन गर्ग ,धर्मदास गर्ग जी, राजकुमार मिश्रा, मंदिर पुजारी रामू दुबे जी ,मनीष तिवारी, विजय तिवारी, घनश्याम पाण्डे, रामकुमार दुबेदी,दुष्यंत द्विवेदी, विजय दुबेदी, सुरेंद्र दुबेदी, ओंकार तिवारी, संदीप तिवारी, अवधेश चौबे, राजू तिवारी, छोटेलाल पांडे, अमित द्विवेदी, प्रदीप अवस्थी, अतुल चौबे, समस्त विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## एकता जाग्रति मंच ने पिलाया ठण्डा शरबत

छतरपुर । इस भीषण गर्मी में एक ओर जहां लोगों को ठण्डा पानी नसीब नहीं हो रहा है वहीं हमेशा समाज सेवा में बढ चढक़र काम करने वाले एकता जाग्रति मंच ने परशुराम जंयती एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर छत्रसाल चौराहे के नजदीक पहारिया स्टेशनरी के सामने स्टॉल लगाकर राहगीरों को ठण्डा और मीठा शरबत पिलाया। इस भीषण गर्मी में ठण्डा शरबत पीकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। देखा यह गया कि एक ओर जब दोपहर की भीषण गर्मी में लोग एसी और कूलरों की हवा खा रहे थे तो वहीं दूसरी ओर एकता जाग्रति मंच की बहनों ने तपती दोपहर में राहगीरों को ठण्डा शरबत पिलाने के लिए कमान संभाल रखी थी। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ यह अभियान शाम 5 बजे तक चलता रहा। एकता जाग्रति मंच की महिलाओं के इस पुनीत कार्य में आसपास के समस्त दुकानदारों ने भी तनमन धन से सहयोग किया। इस पुनीत कार्य में एकता जाग्रति मंच की ओर से शिप्रा पहारिया, दीपा खरया, रश्मि रूसिया, रचना अग्रवाल, अनीता गुप्ता, सरोज तीतबिलाती एवं पार्षद रेखा वर्मा, भाजपा नगर मण्डल महामंत्री सुनील वर्मा, जनहित दर्शन संपादक मनेन्दु पहारिया, प्रयाग लाइट हाउस के संचालक मनोज खरया, जनपथ दर्शन के ब्यूरो चीफ हरिओम अग्रवाल , रमेश तिवारी आदि शामिल रहे।

## शराब पीने के बाद युवक की मौत

तेजगढ़। जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ थाना अंतर्गत देशी और अंग्रेजी शराब की दुकान मुख्य बस स्टैंड पर होने से बस स्टैंड जैसे व्यस्तम क्षेत्र का माहौल खराब होता है व लोगो को भी परेशानी होती है। ग्राम पतलोनी के परम अहिरवाल उम्र लगभग 45 वर्ष पिता उमरैया अहिरवाल 29 अप्रैल 2025 को सुबह तेजगढ़ शराब दुकान पर गया व शराब खरीद कर रोड के किनारे शराब दुकान के पास पटटी पर बैठकर शराब पीकर नशे की हालत में इसी पटटी पर लेट गया। तहताहाती धूप में अनेकों घंटा पढा रहा। कुछ व्यक्तियों ने देखा एक व्यक्ति पटटी पर पड़ा है जिसकी सूचना तेजगढ थाने को मिलने पर पुलिस मोके पर पहुंच कर जाँच पडताल की जो व्यक्ति मृत पाया गया। छानबीन के दौरान पता चला कि ग्राम पतलोनी का परम लाल अहीरवाल है। परिजनों को बुलाकर मृतक की पहचान करवा कर पुलिस ने कार्यवाही की। पंचनामा बनाकर परिजनों को शव सौंप दी। तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल से जानकारी लेने पर उनहोंने बताया कि परिजनों का कहना है कि अधिक शराब रोज पीता था। नशे में रहकर खाना भी नहीं खाता था।

## तहसीलदार द्वारा नरवाई में आग लगाने पर 27 किसानों को भेजा नोटिस

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत दमोह जिले की राजस्व सीमा में नरवाई/फसल अवशेष में आग लगाने की घटनाओं पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जिसके परिपालन में कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं कोटवार द्वारा प्रस्तुत पंचनामा के आधार पर तहसीलदार पथरिया द्वारा 27 किसानों को नोटिस जारी किये गये है। कृषि विभाग और राजस्व विभाग द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के वाबजूद भी नरवाई जलाने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, जिससे पशुओं का चारा नष्ट हो रहा है, फसलों में सहायक जीव जंतु नष्ट भी नष्ट हो रहे हैं, वातावरण प्रदूषित और तापमान बढ़ रहा है, मिट्टी के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है । खेत में फसल अवशेष/नरवाई जलाने से मृदा के लाभ-दायक सूक्ष्म जीव,किसान के मित्र कहे जाने वाले केंचुए एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाता है, जिससे मृदा सख्त एवं कठोर होकर बंजर हो जाती है।

# कलेक्टर के निर्देशन में झोलाछाप डॉक्टरों पर हो रही कार्रवाई

**गौरिहार में पाल क्लीनिक सील, दर्ज हुई एफआईआर**

**अब तक 10 झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिक पर हुई कार्यवाही**



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। निर्देशों के पालन में विगत शनिवार को गौरीहार में एसडीएम के नेतृत्व पाल क्लीनिक को सील करते हुए संबंधित डॉक्टर पर मेडिकल काउंसिल एक्ट 1987 की धारा 24 अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस दौरान अवैध तरीके से क्लीनिक संचालित पाया गया और बिना वैध डिग्री के डॉक्टर उपचार करते मिले। जिसके विरुद्ध कार्यवाही की है। सीएमएचओ आर.पी. गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में विगत दोनों में छतरपुर अंतर्गत सिंह क्लीनिक, सकील क्लीनिक एवं राजनगर के भपका में पटेल क्लीनिक बसारी में शिवशक्ति क्लीनिक एवं नौगांव अनुभाग के हरपालपुर में लाइफ हेल्थ केयर क्लीनिक और लवकुशनगर में बसंतपुर चौराहे के पास क्लीनिक, स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक्सरे पैथोलॉजी क्लीनिक सहित बकस्वाहा में अवैध रूप से संचालित पाए जाने वाले झोलाछाप चांदसी एवं खान क्लीनिक एवं डॉक्टर के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिला प्रशासन के निर्देशन में झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही है।

# बस की ट्रैक्टर से टक्कर, तीन घायल, एक की हालत गंभीर



छतरपुर। बुधवार शाम करीब 4 बजे थाना बमीठा अंतर्गत ग्राम मड़तला के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। गठेवरा से भूसा खाली कर अपने गांव भियाताल लौट रहे ट्रैक्टर में एक तेज़ रफ्तार बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घायल व्यक्तियों की पहचान भोला यादव (45), कल्लू यादव (28) और गब्बर यादव (30) के रूप में हुई है। सभी निवासी ग्राम भियाताल के बताए जा रहे हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर पलट गया और सभी घायल सड़क पर जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें ट्रॉमा वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार गब्बर यादव की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य दो घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बस चालक की तलाश की जा रही है।

# अक्षय तृतीया पर सूर्य मंदिर का भूमिपूजन संपन्न



छतरपुर। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में छतरपुर के मोटे के महावीर मंदिर परिसर स्थित संत शरीर आश्रम में सूर्य भगवान के मंदिर का भूमिपूजन विधिविधानपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कमलेश बब्बाजू की अगुवाई में हुआ।

कमलेश बब्बाजू ने बताया कि यह सूर्य मंदिर सभी श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा और इसका उद्देश्य आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधियों के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

# भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर सुबह हुआ अभिषेक दोपहर में निकली शोभायात्रा

**सजीव झांकियों ने किया आकर्षित, जगह-जगह शोभायात्रा का हुआ स्वागत**



छतरपुर। कहा जाता है कि अक्षय तृतीया से ही इस सृष्टि की शुरूआत हुई थी। अक्षय तृतीया भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में भी जानी जाती है। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय में सुबह से भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना हुई और अभिषेक किया गया। वहीं शाम को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सजीव झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

जानकारी के मुताबिक भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के अवसर पर नारायणपुरा स्थित भगवान परशुराम के मंदिर में सुबह करीब साढ़े 9 बजे से अभिषेक और पूजा अर्चना का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद कन्या भोज कराया गया। वहीं रामचरित मानस मैदान में भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना की गई। शाम करीब 5 बजे डीजे, बैण्ड बाजे, घोड़े, बग्घी आदि से सुसज्जित विशाल शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ सहित देवी-देवताओं की सजीव झांकी सजाई गईं। वहीं ब्राह्मण समाज के महापुरूषों की प्रतिमाएं भी शोभायात्रा में शामिल की गईं। ब्राह्मण समाज सहित सनातन धर्म प्रेमी बड़ी संख्या में इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कहीं पुष्प वर्षा हुई तो कहीं तिलक लगाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। गर्मी के कारण जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल लोगों को पानी उपलब्ध कराया गया। सड़क पर भी कई जगह पानी डालकर पैदल चलने वाले लोगों को राहत दी गई। भगवान परशुराम का रथ सबसे पीछे चल रहा था जिसे श्रद्धालु खींचकर ले जा रहे थे। यह शोभायात्रा रामचरित मानस मैदान से शुरू होकर चौक बाजार, महल तिराहा, छत्रसाल चौक होते हुए मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण पहुंची जहां भगवान परशुराम की आरती उतारी गई और इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सौरभ तिवारी, आनंद शर्मा, उमेश शुक्ला, भरत पाठक, जयराम चतुर्वेदी, सियाराम रावत, दीपक दुबे, विनोद मिश्रा, आकाश दीक्षित, सचिन मिश्रा, रवि त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी, नारायण मिश्रा, धीरेन्द्र तिवारी, पंकज तिवारी, राहुल मिश्रा, पंकज मिश्रा, गौरव गोस्वामी, हरीश मिश्रा, जगदीश शुक्ला, अभिषेक पाठक सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



# करोड़ों की चोरी में वांछित इनामी शातिर चोर लल्ला राजपूत गिरफ्तार



लवकुशनगर। लवकुशनगर थाना अंतर्गत बीते दिसंबर माह में नगर के प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी चंद्रोदय सोनी के घर हुई करोड़ों की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले का कुख्यात और 10 हजार रुपए का इनामी शातिर चोर लल्ला राजपूत आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। घटना 3-4 दिसंबर 2024 की रात की है, जब व्यापारी चंद्रोदय सोनी के घर में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने करोड़ों रुपए के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ किया था। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार इस हाईप्रोफाइल चोरी की गुत्थी सुलझाने में लगी थी।

सूत्रों के अनुसार, आरोपी लल्ला राजपूत ने हाल ही में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। न्यायालय में पेशी के बाद पुलिस ने उसे दो दिन की रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस आरोपी को घटना स्थल लवकुशनगर और राठ ले गई, जहां चोरी का माल खरीदने और बेचने से जुड़े अहम साक्ष्य जुटाए गए हैं।

इससे पहले भी पुलिस इस केस में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिनके पास से करीब 2 किलो 200 ग्राम सोने के आभूषण - हार, जंजीर, चूड़ी, मंगलसूत्र आदि बरामद किए गए थे, जिनकी बाजार कीमत लगभग पौने दो करोड़ रुपए आंकी गई थी। मुख्य आरोपी लल्ला राजपूत और उसका साथी उमेश राजपूत तब से फरार चल रहे थे। इस दौरान पुलिस ने दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश के कई बड़े शहरों तक जांच अभियान चलाया। कड़ी मेहनत और रणनीति के बाद आखिरकार पुलिस ने लल्ला राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लल्ला राजपूत राठ कोतवाली अंतर्गत कुर्रा गांव का निवासी है और इससे पहले भी कई बड़ी चोरियों में उसका नाम सामने आ चुका है। वहीं, मामले का एक अन्य आरोपी इस समय किसी अन्य मामले में हमीरपुर जेल में बंद है। पुलिस अब इस बहुचर्चित चोरी के पूरे नेटवर्क को उजागर करने की दिशा में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस ने जिला बदर आदतन अपराधी दिग्गी राजा को किया गिरफ्तार



छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी को आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर प्रस्तावित कार्यवाही हेतु एवं जिला बदर किए गए अपराधियों के जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाने पर गिरफ्तारी कर विधिवत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की जा रही है।

थाना गढ़ी मलहरा क्षेत्र के ग्राम कलानी का निवासी दिग्गी राजा उर्फ लव प्रताप सिंह पिता बॉबी राजा उर्फ राघवेंद्र सिंह जो एक आदतन अपराधी है, उसके विरुद्ध हत्या का प्रयास, अपहरण, बलवा, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब जैसे 21 अपराध दर्ज हैं। पुलिस की प्रस्तावित कार्यवाही पर आदतन अपराधी दिग्गी राजा को मार्च माह में जिला दंडाधिकारी छतरपुर के आदेश के अनुसार जिले की भौगोलिक सीमा से बाहर जिला बदर किया गया था। उक्त आदतन अपराधी द्वारा जिला बदर होने के पश्चात नियमों का उल्लंघन कर माह अप्रैल में अपने घर के सामने से फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट की गई थी। विगत दिवस थाना गढ़ी मलहरा पुलिस को जिला बदर आरोपी के जिले की सीमा क्षेत्र के अंदर होने की सूचना प्राप्त हुई। जिला बदर आदतन अपराधी दिग्गी राजा उर्फ लव प्रताप सिंह को अभिरक्षा में लेकर गढ़ी मलहरा में भारतीय न्याय संहिता एवं मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रथक से अपराध पंजीबद्ध कर अभियुक्त को विधिवत को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गढ़ी मलहरा निरीक्षक रीता सिंह प्रधान आरक्षक बृजेश यादव, जनक सिंह आरक्षक यशवंत पटेल की भूमिका रही।

# पिछले वर्ष 18392 मी.टन के मुकाबले इस वर्ष 52470 मी.टन. हुई खरीदी



छतरपुर। रवी उपार्जन वर्ष 2025-26 में छतरपुर जिले में 80 उपार्जन केंद्रों पर गेंहू खरीदी की जा रही है। छतरपुर जिले में पिछले वर्ष के मुकाबले अभी तक इस वर्ष ज्यादा गेहूं की खरीदी हुई है। पिछले वर्ष 18395.15 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था और इस वर्ष अभी तक 52470.19 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। जो पिछले 4 वर्षों से भी रिकॉर्ड खरीदी है। इसका मुख्य कारण है। किसान भाई स्लॉट बुकिंग कर अपनी सुविधा अनुसार किसी भी खरीदी केंद्र पर अपनी फसल बेंच सकते है।इसके अलावा पिछले वर्ष समर्थन मूल्य 2400 रुपए था परंतु इस वर्ष मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इस बार किसानों को बोनस मिला कर अतिरिक्त 175 रुपए प्रति क्विंटल राशि दी जा रही है। साथ ही 2425 रुपए केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही राशि। इस प्रकार कुल 2600 रुपए प्रति क्विंटल से गेहूं की खरीदी की जा रही है और किसानो के गेहूं का भुगतान भी एक सप्ताह में हो रहा है। अभी तक 33.06 करोड़ रुपए का भुगतान भी हो चुका है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में अधिकारियों द्वारा निरंतर खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और किसानो की मूलभूत सुविधाओं जैसे छायादार बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि। जिले के 26 हजार 101 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसमें से कुल 11506 ने स्लॉट बुक किए है। खरीदी केंद्रों से अभी तक 76.76 प्रतिशत उठाव परिवहन हो चुका है। केंद्रों पर कुल 581 गठान वारदाना उपलब्ध है। इस वर्ष विगत वर्ष से भी ज्यादा गेहूं उपार्जन हुआ है और पैदावार अच्छी होने से गेहूं के रकबा में भी वृद्धि हुई है। साथ ही गेहूं की क्वालिटी भी बेहतर हुई है।

# अक्षय तृतीया पर पड़रिया धाम में चरण दर्शन महोत्सव का भव्य आयोजन

**बकस्वाहा**



अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर छतरपुर जिले के प्राचीन और सिद्ध तीर्थ स्थल पड़रिया धाम में स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में चरण दर्शन महोत्सव का अत्यंत श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु दूर-दराज़ क्षेत्रों से पहुंचकर भगवान के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते नजर आए।

इस धार्मिक आयोजन का नेतृत्व वृंदावन से पधारे पूज्य महंत श्री किशोर दास जू महाराज के सान्निध्य और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही बांके बिहारी जी का भव्य श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### पड़रिया धाम में हो रहा भव्य मंदिर निर्माण

वर्तमान में मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। राजस्थान से लाए गए विशेष पत्थरों से मंदिर को भव्य रूप दिया जा रहा है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवासीय कक्षों का निर्माण भी किया जा रहा है ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तजनों को ठहरने में कठिनाई न हो।

### पड़रिया धाम में विराजमान है दुर्लभ श्याम तमाल वृक्ष

महंत किशोर दास जू महाराज ने बताया कि श्याम तमाल का यह पवित्र वृक्ष वृंदावन के अतिरिक्त पूरे भारतवर्ष में केवल पड़रिया धाम में ही पाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह वृक्ष भगवान श्री बांके बिहारी जी के प्रत्यक्ष समक्ष स्थित है, जो इसकी अलौकिकता को और भी विशेष बनाता है। तमाल वृक्ष का श्रीकृष्ण लीला में विशेष स्थान है। यह वृंदावन की रासलीला, कुंजों और निकुंज लीलाओं में बार-बार वर्णित होता है। ऐसे में इस वृक्ष की उपस्थिति पड़रिया धाम को एक अद्वितीय स्थान प्रदान करती है। इसी कारणवश पड़रिया धाम को बुंदेलखंड का वृंदावन कहा जाता है। यह स्थान न केवल धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आध्यात्मिक अनुभवों के लिए भी विशेष रूप से पूजनीय है।

# अक्षय तृतीया पर हिन्दू उत्सव समिति ने पशु पक्षी पेयजल अभियान की शुरूआत



छतरपुर। यूं तो अप्रैल माह के प्रारंभ से ही गर्मी का कहर जारी है पर पिछले 15 दिनों से तापमान में कुछ खास बढ़ोत्तरी महसूस की जा रही है जिसको देखते हुए हिंदू उत्सव समिति ने अपना पशु पक्षी पेयजल अभियान प्रारंभ कर दिया। आज अक्षय तृतीया को समिति के पशु पक्षी पेयजल अभियान के तहत एमएलबी स्कूल तिराहा पर छतरपुर नपा सीएमओ माधुरी शर्मा द्वारा टंकी का विधिवत पूजन करते हुए जलापूर्ति कर अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा वैध, नारीशक्ति की बरखा मिश्रा, दीपा राजपूत सहित समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा, हिमांशु अग्रवाल, प्रिंस साहू मौजूद रहे।

पवन मिश्रा ने बताया कि समिति ने आज के पावन दिवस पर आधा दर्जन स्थानों पर पशुपक्षियों के लिए पेयजल पात्र की व्यवस्था की है। नरसिंहगढ़पुरवा में कवियत्री नम्रता शुक्ला एवं अजय चतुर्वेदी ने टंकी में पानी डालकर अभियान को गति प्रदान की। समिति आगामी दिनों में अपनी ये सेवा निरंतर जारी रखेगी और जरूरत के अनुसार जलपात्र स्थापित कर मूक प्यासे पशु पक्षियों की प्यास बुझाने का काम करती रहेगी। वहीं नपा सीएमओ माधुरी शर्मा ने भी इसे मानवीय पहल बताते हुए कहा कि जहां पर आवश्यकता पड़ेगी नपा के टैंकरों द्वारा भी इन जलपात्रों में पानी डालने का प्रयास किया जायेगा।

# अवैध कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर। पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। माह अप्रैल में करीब 38 आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किए गए हैं।**



थाना जुझारनगर पुलिस को प्रभात भ्रमण के दौरान बारीगढ़ दिदवारा रोड में अवैध हथियार संबंधी सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम ने करहरी तिराहा के पास मोटरसाइकिल को रोककर संदेही की तलाशी लेने पर अवैध हथियार 315 बोर का देशी कट्टा एवं कारतूस बरामद किया गया। अवैध हथियार एवं प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपी मोहम्मद आरिफ उर्फ बटलर पिता रज्जब अली निवासी ग्राम करहरी थाना जुझारनगर को गिरफ्तार किया गया। थाना जुझारनगर में आयुध अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जुझारनगर उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक विनोद सिंह, आरक्षक राममूर्ति, रामवीर, अनिल, अमन, शुभम की भूमिका रही।

## भगवान परशुराम की प्रतिमा का हुआ रूद्राभिषेक



छतरपुर। शहर के मोटे के महावीर मंदिर परिसर में संत शरीर आश्रम के समीप स्थित भगवान परशुराम के मंदिर में भगवान की प्रतिमा का रूद्राभिषेक किया गया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाजों के सदस्यों ने पूजा अर्चना कर जन कल्याण का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर राकेश दीक्षित, पवन, प्रकाश पाण्डेय, कमलेश बब्बाजू, जगदीश शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार हो रहा पानी को सहेजने का प्रयासर



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पानी को सहेजने के लिए जल संरक्षण से जुड़े निर्माण कार्य बड़े पैमाने पर किये जा रहे हैं। नगरीय निकायों में हैण्डपंपों मे रिचार्ज पिट बनाने तथा पक्के घरों वाटर हार्वेस्टग सिस्टम लगाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में चेक डैम, बोरी बांध खेत तालाब और अमृत सरोबरों का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत नीबा में दो खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। नगर परिषद मऊगंज में अभियान के तहत मऊकूप की साफ सफाई तथा पेयजल की पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य किया गया। नगर परिषद के रानीतालाब तथा सुंदर पुरवा तालाब में साफ सफाई का कार्य किया गया। नगर परिषद डभौरा द्वारा 14 हैण्डपंपों में सुधार कराकर उन्हें चालू कराया गया साथ ही रामजानकी मंदिर के पास नाले एवं लेदरी नदी में साफ सफाई का कार्य कराया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जल संरक्षण के वन विभाग में घिनौचीधाम के जल स्त्रोतों की साफ सफाई करायी। इससे वन्य प्राणियों और पशु-पक्षियों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा है। हनुमना में भी तीन जल स्त्रोतों का साफ सफाई एवं सुधार का कार्य किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 30 अप्रैल को ग्राम पंचायत अकौरी में मतीदहा नदी में साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। सरपंच अच्छेलाल साकेत, अंशू सिंह तथा जनअभियान परिषद से जुड़ी समितियों के सदस्यों ने श्रमदान करके नदी में बोरी बांध का निर्माण कराया। बांध बन जाने से बड़ी मात्रा में पानी संचित हो गया है। अभियान के तहत औद्योगिक विकास निगम में 12 औद्योगिक इकाईयों में वाटर हार्वेस्टग सिस्टम का निर्माण कराया है। इससे बारिश के पानी को जमीन में संचित करने में सहायता मिलेगी। इसी तरह जिले भर में जल संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

### नीट यूजी परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** रीवा। रीवा जिले में निर्धारित 13 परीक्षा केन्द्रों में 4 मई को नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगी। परीक्षा के संबंध में उम्मीदवारों को सूचनाएं प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम कलेक्टर कार्यालय में बनाया गया है। इसका फोन नंबर 07662-255143 इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि कंट्रोल रूम 4 मई को सुबह से परीक्षा समाप्त होने तक चालू रहेगा। इसका प्रभारी अनिल दुबे संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को बनाया गया है। कंट्रोल रूम में सहायक प्रभारी के रूप में जीवेन्द्र सिंह परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को तैनात किया गया है। अपर कलेक्टर ने तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को 4 मई को कंट्रोल रूम अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यावाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 56551.48 टन की खरीद

रीवा । किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 10364 किसानों से 56551.48 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 5 मई है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि उपार्जित गेंहू में से 27404 टन गेंहू का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। अब तक किसानों को 137 करोड़ 14 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 17001 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं।

## बरातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी, 17 घायल पटेल परिवार की बारात धवैया से जा रही थी शहडोल

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** जिले में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदलते-बदलते बचीं जब एक बरातियों से भरी बस तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। यह दर्दनाक हादसा मंगलवार शाम करीब चार बजे शहर के चोरहटा थाना अंतर्गत बनकुइया बाईपास पर स्थित डी पॉल स्कूल के पास हुआ। दुर्घटना में बस सवार करीब 17 लोग घायल हो गए, हालांकि सभी की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनगवां थाना क्षेत्र के धवैया गांव से पटेल परिवार की बारात शहडोल के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही बस बनकुइया बाईपास पर पहुंची, चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क से उतरकर खाई में पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस काफी तेज गति में थी और मोड़ पर चालक उसे संभाल नहीं पाया। घटना की जानकारी मिलते ही चोरहटा पुलिस दल और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। बता दे हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। यदि समय पर स्थानीय लोग मदद न करते, तो स्थिति और भयावह हो सकती थी।अस्पताल प्रशासन के अनुसार दो से तीन घायलों को मामूली गंभीर चोटें आई हैं, जबकि बाकी लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



## बम कांड का मास्टर माइंड निकला पड़ोसी, 1 लाख में दी थी हत्या की सुपारी, चार आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** के व्यापारी के साथ यूपी में हुए हमला का पुलिस ने किया पर्दाफाश रीवा । रीवा चाकपाट के व्यापारी सहित अन्य पर बम से हुए हमले का यूपी पुलिस ने पर्दाफाश किया है। घटना का मुख्य मास्टर माइंड पड़ोसी निकला। उसने जमीन विवाद को लेकर हत्या की सुपारी दी थी और प्रयागराज के बदमाशों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध देशी बम, 3 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। मामले का खुलासा करते हुये यूपी पुलिस ने बताया कि 14 अप्रेल 2025 को सौरभ केशरवानी पुत्र स्व. देवदास निवासी वार्ड नं0 4 चाकघाट द्वारा थाने। पहुंचकर शिकायत दर्ज करायी गयी कि अज्ञात मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से उसके भाई रवी केशरवानी के ऊपर 13 अप्रेल के दिन बम फेका गया, जिससे वादी के भाई रवी केशरवानी व उसके चालक वेद को गम्भीर चोट आ गयी थी। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना शंकरगढ़ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों के प्रयास तथा अन्य तकनीकी व भौतिक संसाधनों की मदद से 29 अप्रेल 2025 को मुखबिर की सूचना पर 4 अभियुक्तों को भारतनगर तालाब से लगी सड़क के पास थाना क्षेत्र शंकरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में वंश गौतम पुत्र नरेन्द्र गौतम निवासी उमरपुर नीवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, नीरज भारतीया पुत्र कल्लन भारतीया निवासी ग्राम उमरपुर नीवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, आशीष कुमार जायसवाल पुत्र दिलीप कुमार जायसवाल निवासी वार्ड नं. 10 चाकघाट थाना चाकघाट जनपद रीवा एवं भोला केसरवानी पुत्र भैयालाल केसरवानी निवासी वार्ड नं. 11 चाकघाट थाना चाकघाट शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध देशी बम, 3 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल बरामद किया गयाबॉक्स नैनी से ली गई थी विस्फोटक सामग्री, चाकघाट में तैयार हुआ था बम आरोपियों ने बम बनाने के लिए विस्फोटक सामग्री नैनी से खरीदी थी। इसकी जानकारी मिलने पर प्रयागराज पुलिस ने नैनी में आरोपी के घर में दबिश दी तो बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। आरोपी आशीष जायसवाल निवासी चाकघाट ने अपने घर में बैठकर ये श्रम तैयार किए थे।



## नीट यूजी परीक्षा 4 मई को, कलेक्टर ने परीक्षा के संबंध में दिए निर्देश, किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण और खाद्य पदार्थ ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** । निर्धारित 13 परीक्षा केन्द्रों में 4 मई, रविवार को एनटीए नीट यूजी की परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि नीट यूजी परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो तथा पासपोर्ट आकार की दो फोटो अवश्य साथ लाएं। इसके साथ-साथ किसी एक अधिकृत फोटो पहचान पत्र की मूल तथा वैध प्रति लेकर आना आवश्यक है। पारदर्शी बोतल में पानी लेकर आने की अनुमति रहेगी। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में जूते पहनने की अनुमति नहीं रहेगी लेकिन कम हील की सैण्डल अथवा चप्पल परीक्षार्थी पहन सकते हैं। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हीटबैण्ड आदि ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। चश्मा, घड़ी, बेल्ट, कैप, हैण्डबैग, कैमरा, ब्रोसलेट तथा किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ का ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा। अपारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। परीक्षार्थी हल्के कपड़े पहनें जिनकी आस्तीन लंबी न हों। फैंसी पाकेट, जिपर, बैज आदि लगा न हो। छात्राएं किसी भी तरह के गहने अथवा धातु की बनी वस्तुओं को न पहनें। फैंसी और कढ़ाईदार कपड़े भी न पहनें। परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली तथ्यहीन सूचनाओं और अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाहों की तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। नीट यूजी परीक्षा में अनुचित साधनों और अपराधों के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन अधिनियम 2024 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।



## सड़क पर बाइकर्स गैंग ने बाइक से जा रही महिला का पर्स छीना, गिरने से हुई घायल, गुढ़ थाना के चौड़ियार के समीप हुई घटना

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** जिले में गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बेखौफ बाइकर्स गैंग ने सरेराह चलती बाइक से महिला का पर्स छिनने की वारदात सामने आई है जहां बाइक असंतुलित होने से महिला गिरकर घायल हो गई। दंपती ने थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी पतलालसी की लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल पाया है। थाना थाना क्षेत्र अंतर्गत के चौडियार के समीप हुई। बता दे रायपुर कर्चुलियान के चोरगढ़ी निवासी मनोज रजक पिता भगवानदीन 40 वर्ष पत्नी माया रजक के साथ बाइक से ग्राम ममदर रिश्तेदारी में जा रहे थे। दोपहर वे जैसेही गुढ़ थाने के चौडियार के समीप पहुंचे तभी पीछे से नीले रंग की बाइक में दो बदमाश पहुंच गए। बदमाशों ने अचानक बाइक उनके करीब लगाई और पत्नी का पर्स छीनने का प्रयास किया। इस दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दंपत्ती बाइक सहित गिर गए जिससे दोनों लोग घायल हो गए। बदमाश महिला का पर्स छीनकर रीवा तरफ भाग गए। पर्स में मोबाइल फोन, 200 रुपए रखे थे। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिस पर मौके पर पहुंच गई। बदमाशों को पकड़ने के लिए सभी थानों को सूचना भिजवाई गई लेकिन उनका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।




## फीस वृद्धि पर बिलाबांग स्कूल पर गिरी गाज, कलेक्टर ने ठोका दो लाख का जुर्माना, नए शिक्षण सत्र में बिना अनुमति के प्रबंधन ने बढ़ा दी थी फीस, जांच में 11.54 फीसदी से 12.06 फीसदी तक की गई थी वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** । जिले के निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से की जा रही फीस वसूली और अभिभावकों की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रीवा कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीमों ने 30 निजी स्कूलों की बारीकी से पड़ताल की, जिसमें कई खामियां उजागर हुईं। इन्हीं में से एक प्रमुख मामला बिलाबांग हाई इंटरनेशनल स्कूल का सामने आया है, जहां बिना अधिकृत स्वीकृति के शुल्क में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि कर दी गई थी,प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए स्कूल पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही आगामी सत्र 2025-26 में पुरानी फीस को ही लागू रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर के आदेशानुसार, यह जुर्माना 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन जमा कर उसकी रसीद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।बिना स्वीकृति बढ़ा दी फीसजांच में सामने आया कि स्कूल प्रबंधन ने जिला स्तरीय फीस निर्धारण समिति की स्वीकृति लिए बिना ही 2025-26 सत्र के लिए फीस बढ़ा दी थी। यह वृद्धि कक्षा 1 से 4 तक 12.6 प्रतिशत, कक्षा 5 से 9 तक 12.22 प्रतिशत और कक्षा 9 से 12 तक 11.54 प्रतिशत तक दर्ज की गई। नियमों के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक की कोई भी फीस वृद्धि समिति की पूर्व मंजूरी के बिना मान्य नहीं होती।चार सदस्यीय जांच टीम ने खोले राजइस पूरे मामले की जांच एक चार सदस्यीय समिति द्वारा की गई थी। जांच में स्पष्ट रूप से यह पाया गया कि स्कूल ने 2025-26 सत्र में प्रस्तावित शुल्क को पोर्टल पर अपलोड तो किया था, लेकिन उसकी स्वीकृति अब तक प्राप्त नहीं हुई थी। इसके बावजूद स्कूल ने अग्रिम फीस वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी थी, जिसे गंभीर उल्लंघन माना गया।बॉक्स स्कूल को दिए गए सख्त निर्देशकलेक्टर ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि स्कूल प्रबंधन अब अपनी फीस संरचना को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सूचना पटल पर और आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक करेगा। इसके अलावा, अभिभावकों से किसी भी रूप में दान, स्वैच्छिक शुल्क या अतिरिक्त चार्ज वसूलना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि फीस वृद्धि के आधार पर अतिरिक्त राशि वसूली गई है, तो उसे 30 दिन के भीतर अभिभावकों को लौटाना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने इस आदेश के उल्लंघन पर और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।



## स्मार्ट टॉयलेट प्रोजेक्ट और रतहरा तालाब का टेंडर निरस्त मेयर इन काउंसिल की बैठक में कई एजेंडों को दी स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** । नगर निगम के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर अजय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इसमें शहर के विकास से जुड़े कई एजेंडों को स्वीकृति दी गई है। कुछ प्रमुख मामले परिषद की बैठक में अनुमोदन के लिए भेजे जाएंगे। एमआईसी ने प्रमुख रूप से पीपीपी मॉडल आधारित स्मार्ट टॉयलेट के निर्माण एवं रख-रखाव के कार्य की निविदा को निरस्त कर दोबारा निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति दी है। इसी तरह रतहरा तालाब की निविदा निरस्त कर कहा गया है कि इसकी नए सिरे से निविदा आमंत्रित करने से पहले बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें शर्तों को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कृष्णा नगर साइट पर ईडब्ल्यूएस-196, एलआईजी-120, दुकान 36, कार्यालय इकाई के 6 अधूरे कार्य की निविदा निरस्त कर एफडीआर राजसात कर पुनः निविदा आमंत्रण करने का निर्णय लिया गया। मध्यप्रदेश नगरपालिका (भवनों एवं भूमियों के कर योग्य सम्पत्ति मूल्य निर्धारण) नियम, 2020 एवं नियम 2021 के अनुसार नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्र का वर्गीकरण, भवन तथा भूमियों का वर्गीकरण, कर योग्य सम्पत्ति मूल्य निर्धारण एवं सम्पत्तिकर की दरों का निर्धारण, वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए आया प्रस्ताव निगम परिषद को अग्रधित किया गया है तथा बढ़ाई गई दरों में से 5 प्रतिशत की कमी करने का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे एवं मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य नजमा बेगम, नीतू अशोक पटेल, धनेन्द्र सिंह बघेल, रमा दुबे, रवि तिवारी, मनीष नामदेव, गुलाम अहमद, गायत्री खण्डेलवाल सहित अन्य मौजूद रहे।बॉक्स बर्तन बैंक खुलेगासिगल यूज प्लास्टिक को कम करने के लिए बर्तन बैंक उपयोग के लिए रीवा शहर के मध्य स्थान महामृत्युंजय काम्पलेक्स में एक दुकान उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। रानी तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेका पर दिये जाने के लिए प्रीमियम का पुनर्निर्धारण कर निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा आवंटित अबल सम्पतियों के मूलस्वरूप में परिवर्तन लीडशेड़ तथा स्थाई अतिक्रमण के कारण आवंटन (अंतरण) निरस्त कर पट्टा रद्द किए जाने के संबंध में हितग्राहियों को नोटिस देने का निर्णय लिया गया। सफाई गोदाम योजना को पीपीपी मोड से क्रियान्वयन करने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग के कबाड़ की निलामी की स्वीकृति दी गई एवं 5 उच्च तकनीकी के फायर वाहन क्रय करने के लिए 6 करोड़ राशि का प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।





## शोभा यात्रा निकालकर मनाई गई परशुराम जयंती

**हरिभूमि न्यूज मऊगंज।** शहर के बड़े हनुमान मंदिर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मे शोभा यात्रा का शुभारंभ शंखनाद के साथ दोपहर 3 बजे से किया गया यात्रा मे पधारने वाले समस्त समाज जानो का स्वागत किया गया और कस्तुरी तिलक लगाकर किया गया भगवान की यात्रा का स्वागत विभिन्न स्थानो पर विभिन्न समाजो द्वारा किया गया यात्रा निकालकर गायत्री मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम का अवतरण दिवस मनाया गया आख्यानों के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में माना जाता है ब्राह्मण समुदाय द्वारा अपने प्रेरणा स्त्रोत एवं भगवान के रूप में उनकी पूजा अर्चना कर उनका जन्म उत्सव मनाया जाता है बड़ी संख्या में विप्र समुदाय एकत्रित होकर हर्षोल्लाह से उनका जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष नर्मदा प्यासी विप्र समिति अध्यक्ष पंकज पांडे रितेश पांडे अखिलेश पांडे सुखवंत मिश्रा नरेंद्र शर्मा शुभम पांडे मृत्युंजय चतुर्वेदी विश्वनाथ मिश्र सुनीता मिश्रा रामपुर अनीता मिश्रा आदि हजारों की संख्या में महिला पुरुष विप्र समुदाय एकत्रित रहे इस दौरान जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

## नगर में करोड़ों की लागत से बनी नल जल योजना फेल, नहीं बुझा पा रही गले की प्यास



**हरिभूमि न्यूज मऊगंज।** जिले के नगर परिषद मऊगंज में भारी जल संकट निर्मित है ज्यादातर हैण्ड पम्प सूख गये पुराने बोर से सप्लाई एकमात्र सहारा रह गया है तालाबों का जलस्तर नगण्य हैं पुराने कुआं उपेक्षित है इस स्थिति में नवीन जिला के 15 वार्डो का नगर परिषद कई करोड़ की जल व्यवस्था बनाने की योजनाएं बेअसर आठ वर्ष पूर्व 2017 में 51 करोड़ 31 लाख की लागत से तत्कालीन मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भूमि पूजन किया था और कंपनी को घर-घर पानी पहुंचाने का ठेका दिया गया था आठ वर्ष बीत जाने के बाद मऊगंज नगर के वार्डों में महज 25 फ़ीसदी भी जल व्यवस्था नहीं हो सकी भीषण गर्मी शादी विवाह में जहां पानी की बेहद खपत और जरूरी है वही अन्य सीजन में जो पानी सप्लाई मिल रहा था वह भी पूरी तरह से बंद है कंपनी की भ्रष्ट व्यवस्था और इतने वर्षों के बाद घर-घर पानी पहुंचाने का वादा झूठा निकला नगर अध्यक्ष सीएमओ और पार्षदों की देखरेख में नगर वासी एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं हर वार्डों में लंबी लाइन पुराने हैंड पंपों में लग रही है सरकार के और नगर के सारे दावे खोखले सभी वार्डों में जल संकट निर्मित है

### अब तक का सबसे बड़ा जल संकट

मऊगंज नगर में जल संकट का भीषण मंजर इसके पहले नहीं था जिला बनते ही सारी व्यवस्थाएं सरकार द्वारा दी जा रही है किंतु नगर परिषद व्यवस्थाओं को धरातल तक पहुंचने में फेल हो रहा है जीवन से जुड़ी पहली प्राथमिकता जल की है गर्मी के सीजन में पानी पीने के लिए नगर वासी मोहताज है सारी योजनाएं पानी की व्यवस्था नहीं है*पुरानी बोर की सप्लाई अब बना सहारा*नगर परिषद के वार्डों में पूर्व से बोर ९ उन्हीं के सहारे नगर वासी लंबी लाइन के साथ डिब्बा बाल्टी में पीने के लिए तरस रहे हैं नगर में सैकड़ो पुराने कुआं उपेक्षा का शिकार है तालाबों की देखरेख न होने से जलस्तर नीचे गिर चुका है कंपनी और स्थानीय कर्मचारियों की देखरेख में नगर में पानी नहीं पहुंचने के लिए 51 करोड़ की लागत भी वार्डों में पानी नहीं पहुंचा कंपनी का पानी सप्लाई तीन दिन से बंद है इस दिशा में जिला प्रशासन और नगर प्रमुख से मांग है कम्पनी की पानी सप्लाई तुरंत चालू कराई जाए

## मऊगंज मनरेगा अधिकारी का रिश्वत लेते वायरल वीडियो के बाद गठित संयुक्त जांच टीम की अधूरी रिपोर्ट

### कलेक्टर ने वापस की फाइल स्पष्ट अभिमत देने को कहा

हरिभूमि न्यूज मऊगंज। जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पंचायत देवरी शिवमंगल सिंह का हितग्राही त्रियुगी नारायण मिश्र ने छः माह पूर्व पौधारोपण के लिए आवेदन दिया था किंतु मनरेगा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नीतू सिंह ने जियो टैग के बदले रिश्वत मांगी गई थी हितग्राही द्वारा 3500 रुपए दिया गया पांच सौ रुपए की अतिरिक्त मांग की गई जो वायरल वीडियो में देखा गया



वायरल वीडियो के बाद कलेक्टर संजय जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मनरेगा अधिकारी को निलंबित कर नईगढ़ी जनपद में संलग्न किया गया और जिला पंचायत रीवा से चार सदस्यीय जांच दल गठित किया जिसमें एस बी रावत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग रीवा विनोद पांडे परियोजना अधिकारी एवं आवास जिला पंचायत रीवा राम कुशल मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मऊगंज अंकिता सोहगौरा सहायक यंत्री मनरेगा जनपद मऊगंज को नियुक्त किया गया सभी जांच अधिकारियों द्वारा हितग्राही त्रियुगी नारायण मिश्रा उपयंत्री ददन पाठक मनरेगा अधिकारी नीतू सिंह सरपंच ग्राम पंचायत देवरी शिवमंगल सिंह सचिव राम निहोर कोल रोजगार सहायक राज बहादुर सिंह का कथन लिया गया किंतु कथन एवं जांच रिपोर्ट कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग रीवा एस बी रावत के द्वारा आधी अधूरी रिपोर्ट अस्पष्ट अभिमत जिला पंचायत सीईओ रीवा एवं जिला कलेक्टर मऊगंज को दी गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट अभिमत न देने से कलेक्टर संजय जैन ने जांच रिपोर्ट वापस कर स्पष्ट अभिमत देने निर्देशित किया है भ्रष्टाचार के विरुद्ध गठित जांच दल भी भ्रष्टाचार के घेरे में आ गया है जिला कलेक्टर को भ्रमित करके स्पष्ट अभिमत एस बी रावत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग रीवा द्वारा प्रस्तुत किया गयामनरेगा अधिकारी को सिर्फ हटाने का अभिमत दिया गया जबकि श्रीमती सिंह का कृत्य भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत दंडनीय है स्पष्ट अभिमत के साथ जांच रिपोर्ट फिर से भेजें संजय जैन कलेक्टर मऊगंज स्पष्ट अभिमत का मतलब है किसी चीज के बारे में स्पष्ट और बिना किसी अस्पष्टता के अपना मत व्यक्त करना यह एक विचार राय या निर्णय को साफ सुथरी और समझने योग्य तरीके से व्यक्त करने के बारे में होता है किंतु एस बी रावत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी रीवा ने अस्पष्ट जांच रिपोर्ट देकर यह साबित किया कि वे खुद भ्रष्टाचारी के सहयोगी हैं जिला कलेक्टर से उम्मीद है कि भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई की जाये।

**त्रियुगी नारायण मिश्रा हितग्राही**
**ग्राम पं. देवरी**
**शिवमंगल सिंह जनपद मऊगंज**